41–(08)–61–2018

पटना में दिनांक–16 नबम्वर, 2018 शुक्रवार को अपराह्न 5:00 बजे से हुई मंत्रिपरिषद् की बैठक की कार्यवाही। मुख्यमंत्री ने बैठक की अध्यक्षता की।

निम्नलिखित निर्णय लिये गये :–

मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग

1. बिहार कार्यपालिका नियमावली, 1979 (समय–समय पर यथा संशोधित) की चतुर्थ अनुसूची के भाग (घ) 'विधिक मामलों में शक्तियों का प्रत्यायोजन' की कंडिका–3 के बाद एक नई कंडिका–4 सम्मिलित करने के संबंध में।

1. स्वीकृत।

मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग

2. मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के अधीन बिहार विकास मिशन, पटना को राज्य स्कीम के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2018–19 में सहायक अनुदान मद में उपबंधित राशि 150.00 करोड़ (एक अरब पचास करोड़ रूपये) में से 85.00 करोड़ (पचासी करोड़ रूपये) के निकासी एवं व्यय की स्वीकृति।

2. स्वीकृत।

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

3. बेगूसराय जिलान्तर्गत चिकित्सा महाविद्यालय की स्थापना हेतु अंचल–बरौनी, मौजा–असुरारी, थाना नं०–472 के विभिन्न खाता खेसरा (भूमि परिशिष्ट–I) में अवस्थित बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार (BIADA) की 20 एकड़ भूमि स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना को सशुल्क हस्तान्तरण, बियाड़ा द्वारा निर्धारित दर पर भुगतान कर करने के संबंध में।

3. स्वीकृत।

गृह विभाग

4. पटना जिलान्तर्गत पालीगंज अनुमंडल में प्रस्तावित उपकारा के निर्माण हेतु भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना से प्राप्त प्राक्कलन/प्रस्ताव के आलोक में अनुमानित लागत ₹34,66,00,000 (चौंतीस करोड़ छियासठ लाख रूपये मात्र) की स्कीम की स्वीकृति के संबंध में।

4. स्वीकृत।

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

5. मधुबनी जिलान्तर्गत अंचल–झंझारपुर के मौजा–झंझारपुर, थाना सं०–309 के विभिन्न खाता एवं विभिन्न खेसरा के कुल रकबा–20.32 एकड़, (भूमि विवरणी संलग्न– परिशिष्ट–I) अनुमण्डल कार्यालय, झंझारपुर, मधुबनी हेतु अर्जित भूमि राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय की स्थापना हेतु स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना को निःशुल्क अन्तर्विभागीय हस्तांतरण के संबंध में।

5. स्वीकृत।

कृषि विभाग

6. केन्द्र प्रायोजित प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (Per Drop More Crop) वर्ष 2018–19 अन्तर्गत 7981.000 लाख रूपये (उन्नासी करोड़ एक्कासी लाख) रूपये वित्तीय वर्ष 2018–19 के बजट से कुल 2487.468 लाख रूपये (चौबीस करोड़ सतासी लाख छियालीस हजार आठ सौ) रूपये एवं वित्तीय वर्ष 2017–18 के पूर्व अव्यवहृत अवशेष राशि से 5493.532 लाख (चौवन करोड़ तिरानवें लाख तिरेपन हजार दो सौ) रूपये की लागत पर योजना का कार्यान्वयन की स्वीकृति एवं वित्तीय वर्ष 2018–19 में कुल 2487.468 लाख (चौबीस करोड़ सतासी लाख छियालीस हजार आठ सौ) रूपये, [मैंचिंग राज्यांश 1270.389 लाख (बारह करोड़ सत्तर लाख अड़तीस हजार नौ सौ) रूपये तथा अतिरिक्त राज्यांश 1217.079 लाख (बारह करोड़ सतरह लाख सात हजार नौ सौ) रूपये] के निकासी एवं व्यय की स्वीकृति।

6. **स्वीकृत।**

कृषि विभाग

7. राज्य में कृषि यांत्रिकरण योजनान्तर्गत किसानों को कृषि यंत्रों पर अनुदान देने की स्वीकृति एवं चालू वित्तीय वर्ष 2018–19 में राज्य स्कीम मद से 16000.00 लाख (एक अरब साठ करोड़) रूपये की निकासी एवं व्यय की स्वीकृति।

7. **स्वीकृत।**